राजस्थान में बनेगी नई युवा नीति

चर्चा में क्यों?

29 जून, 2022 को राजस्थान के युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री अशोक चांदना और राजस्थान युवा बोर्ड अध्यक्ष सीताराम लांबा ने कौशल खेल और कला-संस्कृति को फोकस करते हुए राज्य में नई युवा नीति बनाए जाने की जानकारी दी।

प्रमुख बिंदु

- इस नई युवा नीति को युवाओं से ब्लॉक स्तर तक संवाद करके तथा इस संवाद में मिलने वाले फीडबैक को राज्य सरकार को प्रस्तुत कर उसके आधार पर बनाया जाएगा।
- खेल राज्य मंत्री अशोक चांदना ने कहा कि युवाओं के लिये रोज़गार के अवसर पैदा करना वर्तमान में सबसे बड़ी ज़रूरत है। इसके लिये युवाओं में कौशल विकास कर उन्हें रोज़गार से जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।
- खेलों के माध्यम से भी युवाओं में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। राज्य की छुपी हुई कलाओं को उभारकर युवाओं को सशक्त बनाने में मदद की जा सकती है।
- इसलिये इन्हीं तीनों विधाओं पर विशेष फोकस करते हुए यूथ बोर्ड के माध्यम से नई युवा नीति को मूर्त रूप दिया जाएगा।
- चांदना ने युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि युवाओं को नशे की बुराई से बचाने के लिये 'नशा मुक्ति' अभियान चलाया जाएगा।
- उन्होंने कहा कि उद्योगों में राज्य के युवाओं को प्राथमिकता से रोज़गार दिलाने की संभावना पर भी विचार किया जाएगा।
- उन्होंने राज्य में खेलों के विकास का जिक्र करते हुए कहा कि खेल सुविधाओं का व्यापक विस्तार किया गया है और ग्रामीण ओलंपिक खेल के रूप में अनूठी पहल की गई है।
- राजस्थान युवा बोर्ड के अध्यक्ष सीताराम लांबा ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को आगे बढ़ाने पर विशेष ध्यान दे रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आगामी बजट युवाकेंद्रित बनाने की घोषणा की है, जो अच्छी पहल है।
- उन्होंने कहा कि युवा बोर्ड युवाओं के लिये उनकी पसंद की युवा नीति बनवाने पर कार्य कर रहा है। इसके लिये संभाग स्तर और अधिकतर ज़िलों में संवाद कार्यक्रम किये गए हैं, जिनमें हज़ारों युवाओं से इंट्रेक्शन किया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/new-youth-policy-of-rajasthan